फर्द अहकाम

(नियम 26)

अदालत ..... उपखण्ड अधिकारी ..... मुकाम ..... कोटा

..... [illegible] ..... बनाम ..... [illegible]

किस्म मुकदमा ..... L.R. Act - 136 ..... नं. ..... 74 ..... सन् 2025

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए
6/8/25	राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के अन्तर्गत प्रार्थना–पत्र प्रार्थी तहसीलदार लाडपुरा की ओर से बाद जांच रिपोर्ट पेश हुआ। जांच रिपोर्ट सरिस्ता अवलोकन की गई। प्रार्थना–पत्र दर्ज रजिस्टर हो। प्रार्थी की ओर से प्रार्थना पत्र पर बहस कर प्रार्थना–पत्र स्वीकार जाने का निवेदन किया गया। बहस प्रार्थना पत्र सुनी गई। पत्रावली आदेश वास्ते दिनांक 11/8/25 को पेश हो। [signature] 6/8/25	
11/8/25	पत्रावली आदेश वास्ते पेश हुई। प्रार्थी तहसीलदार लाडपुरा की ओर से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि प्रार्थी द्वारा ग्राम बृजेशपुरा के खाता संख्या 64 व 65 में नामान्तरण संख्या 728 दिनांक 22.07.2025 विरासत द्वारा चन्द्रप्रकाश पुत्र धनपाल उर्फ के वारीसान लीलाबाई लटूरलाल का नाम दर्ज हुआ। उक्त खातो मे लीलाबाई पत्नि स्व. धनपाल हिस्सा 1/6 एक प्रविष्टि पूर्व से ही दर्ज है। चन्द्रप्रकाश पुत्र धनपाल उर्फ धनराज के फौती नामान्तरण से उक्त नाम की दोहरी प्रविष्टि दर्ज हुई जिसे दुरूस्त करवाने हेतु प्रार्थी द्वारा आवेदन किया है। ग्राम बृजेशपुरा के खाता संख्या 64 व 65 में विरासत द्वारा लीलाबाई लटूरलाल की एन्ट्री हुई है। जिसमें खातेदार का संबंध दर्ज नहीं है। जिससे खाता अपवादित हो गया है। तथा अन्य कार्य सीमित हो गया है। जिसे दुरूस्त किया जाना है। अतः उक्त प्रविष्टियों को दुरूस्त किया जाना है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार कर उक्त शुद्धि की जावें। पत्रावली एवं सलंग्न दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। प्रार्थी तहसीलदार लाडपुरा द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में कथन किया गया है कि ग्राम बृजेशपुरा के खाता संख्या 64 व 65 में विरासत द्वारा लीलाबाई लटूरलाल की एन्ट्री हुई है। जिसमें खातेदार का संबंध दर्ज नहीं है। उक्त त्रुटी ऑनलाईन म्यूटेशन के कारण हुई है। जिसकी शुद्धि किया जाना उचित है। उपरोक्तानुसार बाद विवेचन प्रार्थना पत्र को प्रथम दृष्टया ही स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत है। अतः प्रस्तुत प्रार्थना पत्र धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम स्वीकार कर तहसीलदार लाडपुरा को आदेशित किया जात है कि ग्राम बृजेशपुरा के खाता संख्या 64 व 65 में लीलाबाई लटूरलाल हिस्सा 1/6 व लीलाबाई पत्नि स्व. धनपाल हिस्सा 1/6 के स्थान पर लीलाबाई पत्नि स्व. धनपाल हिस्सा 1/3 दर्ज किया जावें। उक्त निर्णय आज दिनांक 11/8/25 को मेरे द्वारा लिखा जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफतर हो। [signature] 11/8/25 उपखण्ड अधिकारी कोटा	